इस प्रश्न–पत्र में **16** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. **53/AS/3**

**Set–A**

# HINDI
## (हिन्दी)
## (201)

परीक्षा का दिन व दिनांक ______________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर

1. ______________________

2. ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

**2** कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

**3** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

**4** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

**5** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

**6** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **53/AS/3–A** लिखें ।

# HINDI

# (हिन्दी)

# (201)

**समय : 3 घण्टे** ] [ **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** **1.** **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

**2.** प्रश्नों के लिए निर्धारित **अंक** उनके सामने दिए गए हैं ।

---

**1** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **1×5=5**

(i) रहीम के अनुसार मूर्ख के बढ़–चढ़कर बोलने पर विद्वान को क्या करना चाहिए ?

(A) स्वयं मौन धारण कर लेना चाहिए ।

(B) मूर्ख का विरोध करना चाहिए ।

(C) मूर्ख को भय दिखाकर चुप कराना चाहिए ।

(D) अपना प्रचार स्वयं करना चाहिए ।

(ii) 'आह्वान' कविता के अनुसार 'भाग्यवादी लोग' कौन होते हैं ?

(A) जो कठिनाइयों का सामना करते हैं

(B) जो भाग्य के भरोसे रहते हैं

(C) जिन्हें सौभाग्य से सब कुछ प्राप्त हैं

(D) जिनका भाग्य अच्छा नहीं चल रहा हैं

(iii) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में मुख्य रूप से किसके सौन्दर्य का वर्णन है ?

(A) प्रेयसी के (B) पक्षी के

(C) पनघट के (D) प्रकृति के

(iv) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के रचयिता का नाम है –

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) भवानीप्रसाद मिश्र

(C) निर्मला पुतुल (D) केदारनाथ अग्रवाल

(v) 'उनको प्रणाम !' कविता में कवि सफलता से अधिक महत्व किसे देता है ?

(A) प्रयत्नों को (B) बाधाओं को

(C) असफलताओं को (D) प्रसिद्धि को

**2** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में लिखिए : **1×6=6**

(i) कबीर के अनुसार ऊँचे कुल में जन्म लेने पर भी आदमी निंदा का पात्र क्यों बन जाता है ?

(ii) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में चाँद के प्रतिबिम्ब को कवि ने किस रूप में दर्शाया है ?

(iii) 'इसे जगाओ' कविता में 'क्षिप्र' किसे बताया गया है ?

(iv) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने किन्हें प्रणाम करना चाहा है ?

(v) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में पेड़ों के हज़ारों हज़ार हाथों के हिलने से क्या अभिप्राय है ?

(vi) 'खग–कुल कुल–कुल–सा बोल रहा' में प्रयुक्त किन्हीं दो अलंकारों के नाम लिखिए ।

**3** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है, इसके कवि के नाम का उल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : **5**

जो लोग पीछे थे तुम्हारे, बढ़ गए, हैं बढ़ रहे,
पीछे पड़े तुम, दैव के सिर दोष अपना मढ़ रहे !
पर कर्म–तैल बिना कभी विधि–दीप जल सकता नहीं,
है दैव क्या ? साँचे बिना कुछ आप ढल सकता नहीं ॥

**अथवा**

खैर, खून, खाँसी, खुसी, वैर, प्रीति, मदपान ।
रहिमन दाबे ना दबैं, जानत सकल जहान ॥

**4** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में लिखिए : **2×3=6**

(i) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के अनुसार मनुष्य नदियों के किनारे बेरहमी से क्या कार्य कर रहा है ?

(ii) 'इसे जगाओ' कविता के अनुसार अगर आदमी सही समय पर सचेत न हुआ तो उसे क्या हानि होगी ?

(iii) 'आज़ादी कवि के लिए शब्द है' – कहकर कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

(iv) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने बगुले को किस रूप में चित्रित किया है और क्यों ?

5 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए : **3**

'निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय ।'

कबीर के इस दोहे के अनुसार व्यक्तित्व निर्माण में निंदा और आलोचना की क्या भूमिका है ? आप अपने निंदक के साथ कैसा व्यवहार करेंगे ?

**अथवा**

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के आलोक में उत्तर दीजिए कि वायु प्रदूषण दूर करने के लिए आप क्या–क्या कदम उठा सकते हैं ?

6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **1×6=6**

(i) 'बहादुर' कहानी में नौकर का स्वभाव कैसा था ?

(A) ईमानदार और मेहनती (B) मेहनती और बातूनी

(C) चापलूस और क्रोधी (D) सहनशील और डरपोक

(ii) 'गिल्लू' कहानी में 'छुआ–छुऔवल' का व्यवहार कौन कर रहा था ?

(A) गिल्लू (B) सोनजुही की पत्तियाँ

(C) कौवा (D) लेखिका

(iii) कौन–सा तत्व नाटक को अन्य गद्य विधाओं से अलग करता है ?

(A) अभिनेयता (B) संवाद

(C) कथानक (D) भाषा–शैली

(iv) 'सुखी राजकुमार' कहानी में गौरैया ने बीमार बच्चे को अच्छा करने के लिए क्या किया ?

(A) डॉक्टर को बुलाया (B) स्वयं दवाई पिलाई

(C) बच्चे की माँ को उठाया (D) अपने पंखों से हवा की

(v) 'अंधेर नगरी' नाटक में राजा के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया गया ?

(A) बहादुर (B) चौपट्ट

(C) न्यायप्रिय (D) विलासी

(vi) 'अपना–पराया' पाठ के अनुसार बताइए कि मुख के भीतर द्वारपाल का कार्य कौन करता है ?

(A) थूक (B) दाँत

(C) जीभ (D) भोजन

7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में दीजिए : **1×7=7**

(i) ''दोनों बादशाह अपने–अपने सिंहासनों पर बैठे हुए मानो इन दोनों वीरों की मृत्यु पर रो रहे थे ।'' 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के आधार पर इन दोनों वीरों के नाम बताइए ।

(ii) औपचारिक पत्रों में संक्षिप्तता तथा स्पष्टता क्यों आवश्यक है ?

(iii) 'अपना–पराया' पाठ के अनुसार मुँह में बनने वाली लार का हमारे शरीर में क्या महत्व है ?

(iv) 'अंधेर नगरी' नाटक में 'टके सेर भाजी टके सेर खाजा' कथन में क्या व्यंग्य निहित है ?

(v) 'सुखी राजकुमार' कहानी में देवदूत ईश्वर के पास कौन सी मूल्यवान वस्तुएँ ले आए ?

(vi) अखबार में कार्टून छापने का क्या उद्देश्य है ?

(vii) सन् 1984 को एवरेस्ट पर पहुँचकर भारत का झंडा किसने फहराया था ?

8 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+2+2=5**

वात्स्यायन के 'कामसूत्र' से पता चलता है कि आज से दो हज़ार वर्ष पहले का भारतवासी नाखूनों को जम के सँवारता था । उनके काटने की कला काफी मनोरंजक बताई गई है । त्रिकोण, वर्तुलाकार, चंद्राकार, दंतुल आदि विविध आकृतियों के नाखून उन दिनों विलासी नागरिकों के न जाने किस काम आया करते थे । उनको सिक्थक (मोम) और अलक्तक (आलता) से यत्नपूर्वक रगड़कर लाल और चिकना बनाया जाता था । गौड़ देश के लोग उन दिनों बड़े–बड़े नखों को पसंद करते थे और दक्षिणात्य लोग छोटे नखों को । अपनी–अपनी रुचि है, देश की भी और काल की भी ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) नाखून कला और सुन्दरता के भी प्रतीक रह चुके हैं । स्पष्ट कीजिए ।

(iii) आशय स्पष्ट कीजिए : 'अपनी–अपनी रुचि है, देश की भी और काल की भी ।'

**अथवा**

दोनों दोस्तों ने कमर से तलवारें निकाल लीं । नवाबी ज़माना था; सभी तलवार, पेशकब्ज, कटार वगैरह बाँधते थे । दोनों विलासी थे, पर कायर न थे । उनमें राजनीतिक भावों का अधःपतन हो गया था – बादशाह के लिए, बादशाहत के लिए क्यों मरें; पर व्यक्तिगत वीरता का अभाव न था । दोनों जख़्म खाकर गिरे, और दोनों ने वहीं तड़प–तड़प कर जानें दे दीं । अपने बादशाह के लिए जिनकी आँखों से एक बूँद आँसू न निकला, उन्हीं दोनों प्राणियों ने शतरंज के वज़ीर की रक्षा में प्राण दे दिए ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) गद्यांश का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश की भाषा–शैली पर टिप्पणी कीजिए ।

9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में लिखिए : **2×4=8**

(i) 'सुखी राजकुमार' कहानी में गौरैया के व्यक्तित्व परिवर्तन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

(ii) पिता का बचेंद्री पाल की पढ़ाई के प्रति कैसा विचार था ?

(iii) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' मदर टेरेसा के अतिरिक्त किसी अन्य मदर की मानव सेवा पर प्रकाश डालिए ।

(iv) महादेवीजी ने 'गिल्लू' के किस व्यवहार को अपवाद कहा ?

(v) वाचक ने सोचा कि ''कोई बात नहीं, नौकर तो पिटते ही रहते हैं ।'' – इस वाक्य से लेखक क्या सिद्ध करना चाहता है ?

10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **3×3=9**

(i) लेखक 'अंधेर नगरी' नाटक में 'गुरुमहंत' के माध्यम से क्या संदेश देना चाहता है ?

(ii) ज्ञानेन्द्रियों से क्या तात्पर्य है ? इनके नाम बताइए ।

(iii) ''मरे बच्चे को गोद में दबाए रहने वाली बंदरिया मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती ।'' नाखून क्यों बढ़ते हैं ? पाठ में लेखक इस उदाहरण द्वारा क्या स्पष्ट करना चाहता है ?

(iv) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी देश की वर्तमान परिस्थितियों में क्या महत्व रखती है ? स्पष्ट कीजिए ।

11 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×5=5**

सोच रहा बस्ती का बनिया
घोर विवशता का निज कारण ।
शहरी बनियों–सा वह भी उठ
क्यों बन जाता नहीं महाजन ?
रोक दिए हैं किसने उसकी
जीवन उन्नति के सब साधन ?
यह क्या संभव नहीं
व्यवस्था में जग की कुछ हो परिवर्तन ?
कर्म और गुण के समान ही
सकल आय–व्यय का हो वितरण ?
घुसे घरौंदों में मिट्टी के
अपनी–अपनी सोच रहे जन,
क्या ऐसा कुछ नहीं,
फूँक दे जो सब में सामूहिक जीवन ?

**प्रश्न :**

(i) बस्ती का व्यापारी क्या सोचता है ?

(ii) छोटा व्यापारी किसकी तरह ऊँचा उठना चाहता है ?

(iii) बनिया और महाजन में आपके विचार से क्या अंतर है ?

(iv) 'घुसे घरौंदों में मिट्टी के' – पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

(v) गाँव में उन्नति के सभी साधन किसने रोक दिए ?

**12** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×5=5**

वाणी एक अनमोल वरदान है । कोयल अपनी मीठी वाणी से सबका मन हर लेती है, जबकि कौए की काँव–काँव किसी को अच्छी नहीं लगती । वाणी के बिना सब कुछ सूना है । मीठी वाणी का प्रभाव बहुत व्यापक होता है । मीठी वाणी से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं । मधुर बोलने वाले का समाज में बहुत आदर होता है । मधुरभाषी के मुख से निकला एक–एक शब्द सुनने वाले के मन को लुभाता है । उसके संपर्क में आने वाला व्यक्ति उसके वश में हो जाता है । मीठी वाणी सुनने वालों के साथ–साथ बोलने वाले को भी आनंद पहुँचाती है । तुलसीदास ने कहा है – 'मीठे वचन तैं सुख उपजत चहुँ ओर।' मृदुभाषी समाज में सद्भावना का प्रसार करता है । कटु भाषा बोलने वाले को अनेक प्रकार की हानियाँ उठानी पड़ती हैं । ऐसे व्यक्ति अपने बनते काम को भी बिगाड़ देते हैं । जहाँ मधुर वाणी अमृत है, वहीं कटु वाणी विष है ।

**प्रश्न :**

(i) कोयल और कौए का उदाहरण देने का क्या कारण है ?

(ii) तुलसीदास का मीठी वाणी के बारे में क्या विचार है ?

(iii) मधुरभाषी के सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति को क्या लाभ होता है ?

(iv) कटु वाणी विष कैसे है ? स्पष्ट कीजिए ।

(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**13** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(i) सन्धि कीजिए : हिम + आलय, राका + ईश

(ii) विग्रहपूर्वक समास का नाम लिखिए :
धनहीन **अथवा** माता–पिता

(iii) 'निर्' उपसर्ग से **दो** शब्द बनाइए ।

(iv) सुशीला जिस मुहल्ले में रहती है, वह बहुत गंदा है ।
(सरल वाक्य में बदलिए ।)

(v) जैसे ही हम घर से बाहर निकले, बारिश शुरु हो गई ।
(रचना के अनुसार वाक्य–भेद बताइए ।)

(vi) वाह कितना सुंदर दृश्य है
(यथास्थान उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए ।)

(vii) आसमान सिर पर उठाना, अक्ल चरने जाना
(किसी एक मुहावरे का वाक्य–प्रयोग कीजिए ।)

(viii) हम आमों को खा रहे हैं ।
(वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।)

(ix) सिंह **अथवा** सूर्य के दो पर्यायवाची शब्द लिखें ।

(x) 'ता' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए ।

**14** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक तिहाई शब्दों में कीजिए : **5**

प्रदूषण की समस्या मूल रूप से आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों के द्वारा अंधाधुंध मशीनीकरण और औद्योगिकीकरण की देन है । आज के मशीनी उद्योगों से जो कचरा या फालतू माल बचता है, उसे या तो जलाया जाता है या फिर भराव के काम में लाया जाता है । ऐसा करने से पहले कई बार इस सबके ढेर भी लगा दिए जाते हैं । इन्हीं से उत्पन्न कीटाणु, दुर्गंध और अन्य प्रकार के तत्व वायुमंडल में घुल–मिलकर उसे मारक स्थिति तक दूषित बना देते हैं । कई बार कल–कारखानों से बहने वाला दूषित पानी नदियों–नालों में बहकर जाता है । इस पानी में अनेक प्रकार के हानिकारक रसायन होते है । उनके प्रभाव से दूषित होकर पानी वातावरण को तो दूषित बनाता ही है, उस मिट्टी को भी विषैला कर देता है, जिसे उस पानी से सींचा जाता है । वहाँ उत्पन्न फल–सब्जियाँ आदि खाना खतरनाक हो सकता है । महानगरों के आस–पास इस कार्य के लिए ऐसे पानी का आम प्रयोग किया जाता है । जलचर जीव भी उस पानी से प्रभावित हो मरने लगते हैं । यदि ऐसा पानी आदमी पी ले, तो उसकी क्या दशा होगी, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है । भारत की गंगा–यमुना जैसी पवित्र नदियाँ भी आज प्रदूषण के मारक प्रभाव से नहीं बच सकीं ।

**15** बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखकर सुझाव भी दीजिए । **5**

**अथवा**

अपने पिताजी को पत्र लिखकर बताइए कि बोर्ड–परीक्षा की तैयारी हेतु आप क्या प्रयत्न कर रहे हैं ।

**16** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(i) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

(ii) भारतीय किसान और उसकी समस्याएँ

(iii) बढ़ती मँहगाई और हमारे पर्व

(iv) विज्ञान वरदान भी, अभिशाप भी ।